शीर्ष प्राथमिकता/बजट भाषण

संख्या-5/2020 /बी-3-477/दस-2020

प्रेषक,

एस0 राधा चौहान,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 27 अक्टूबर, 2020

विषय :- वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक पर माननीय वित्त मंत्री जी के बजट भाषण हेतु सामग्री उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट की तैयारी का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। विभागीय बजट अनुमानों को तैयार किये जाने के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-9/2020/बी-1-520/दस-2020-12(2)/2021, दिनांक 25 सितम्बर, 2020 द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। राज्य सरकार के आय-व्ययक पर माननीय मंत्री जी का बजट भाषण एक महत्वपूर्ण अभिलेख है, जिसके माध्यम से सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं तथा नीतियों की रूपरेखा विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। अतः माननीय वित्त मंत्री जी के बजट भाषण की तैयारी के लिए सभी विभागों से सामग्री की आवश्यकता है। अस्तु, अनुरोध है कि वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक पर माननीय वित्त मंत्री जी का बजट भाषण तैयार किये जाने हेतु अपने विभाग से सम्बन्धित सामग्री वित्त विभाग को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- बजट भाषण तैयार करने के सम्बन्ध में कतिपय बिन्दुओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है :-

(1) बजट भाषण में राज्य की आर्थिक व्यवस्था की प्रमुख विशेषतायें, सरकार की प्रतिबद्धताओं, नीतियों तथा प्राथमिकताओं एवं उनकी पूर्ति हेतु प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का स्पष्ट उल्लेख किया जाय।

(2) सरकार की प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में विभाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण/विशेष कार्यक्रमों, नई योजनाओं/कार्यक्रमों का स्पष्ट विवरण देते हुए उनके कार्यान्वयन के बारे में की जाने वाली कार्यवाही का भी उल्लेख किया जाय।

(3) सरकारी देयों एवं अवशेषों की स्थिति, उसकी वसूली के लिये उठाये जाने वाले प्रभावी कदम तथा कतिपय ऐसी ही अन्य बातों का समावेश भी बजट भाषण हेतु भेजी जा रही सामग्री में किया जाय।

(4) विभाग के सभी अनुभागों से सम्बन्धित सामग्री पर विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव का अनुमोदन प्राप्त करके वित्त विभाग को संहत

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

रूप से भेजी जाय। यह सुविधाजनक होगा कि सामग्री एक या दो पृष्ठों में सारगर्भित रूप में हो।

(5) बजट सामग्री को अन्तिम रूप देने के दौरान विभागों द्वारा अपेक्षित सामग्री के बारे में कभी–कभी कुछ अतिरिक्त सूचनायें अथवा स्पष्टीकरण अल्प समय में अपेक्षित होते हैं। अतएव आप अपने विभाग में इस महत्वपूर्ण कार्य के लिये **विशेष सचिव से अनिम्न स्तर के किसी अधिकारी को समन्वय अधिकारी भी नामित कर दें और नामित अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर तथा आवासीय व कार्यालय टेलीफोन नम्बरों की सूचना भी वित्त विभाग को तुरन्त दे दी जाय** ताकि आवश्यकता पड़ने पर उक्त अधिकारी से सम्पर्क स्थापित करके वांछित सूचना अविलम्ब प्राप्त की जा सके।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त के आलोक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट पर मा0 वित्त मंत्री जी के भाषण **बजट भाषण हेतु स्वहस्ताक्षरित सामग्री (तीन प्रतियों में) वित्त विभाग को विलम्बतम 30 नवम्बर, 2020 तक** उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

एस0 राधा चौहान
अपर मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।